# HAPUR POLICE

## प्रेस नोट

**थाना - हापुड नगर** **दिनांक 07.05.2025**

- **चेन स्नेचिंग की घटना में संलिप्त गिरफ्तार बदमाशों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त बाइक बरामदगी के दौरान पुलिस पार्टी पर फायर कर पुलिस अभिरक्षा से फरार होने का प्रयास करने वाले एक बदमाश को थाना हापुड़ नगर पुलिस ने आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में घायलावस्था में किया गिरफ्तार।**
- **गिरफ्तार बदमाश के कब्जे/निशानदेही पर लूटी गई चेन बेचकर प्राप्त 18,000/- रुपये नकद, घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल (यामाहा R15) व अवैध असलहा मय जिंदा व खोखा कारतूस बरामद।**
- **गिरफ्तार बदमाश शातिर किस्म का अपराधी है जिसके द्वारा अपने फरार साथी के साथ मिलकर दिनांक 29.04.2025 को थाना हापुड नगर क्षेत्रांतर्गत अपना घर कॉलोनी गैस एजेंसी के पास एक महिला के गले से चेन छीनने की घटना कारित की गई थी।**
- **उपरोक्त घटना में प्रयुक्त बाइक की बरामदगी हेतु पुलिस टीम गिरफ्तार बदमाशों को उनके निशानदेही स्थान पर लेकर गई थी, जहां पर बदमाश द्वारा पहले से मोटरसाइकिल के पास छिपा रखे तमंचे से पुलिस पार्टी पर फायर कर भागने का प्रयास किया गया जिसमें एक पुलिसकर्मी घायल हुआ है तथा पुलिस पार्टी द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्यवाही में एक बदमाश गोली लगने से घायल हुआ है एवं गिरफ्तार बदमाश एक साथी अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गया है जिसकी भी गिरफ्तारी हेतु सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं।।**

**कार्यवाहीः-**



हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना हापुड नगर पुलिस टीम द्वारा पुलिस अभिरक्षा से फरार होने का प्रयास करने वाले एक बदमाश को आज दिनांक 07-05-2025 को प्रातः घायलावस्था में बाईपास सबली कट के पास बने बाउन्ड्री नुमा खंडहर के पास से गिरफ्तार किया गया है, जिनके कब्जे से लूटी गई चेन बेचकर प्राप्त 18,000/- रुपये नकद, घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल (यामाहा R15) व अवैध असलहा मय जिंदा व खोखा कारतूस बरामद हुए है।

उपरोक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना हापुड नगर पर अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-**

अंकित राठी पुत्र राजीव निवासी ग्राम दरियापुर थाना सिम्भावली जनपद हापुड।

**बरामदगी का विवरणः-**

- 18,000/- रुपये नकद सम्बन्धित मु0अ0सं0 252/2025 धारा 304(2) बीएनएस थाना हापुड नगर हापुड़।
- चेन स्नेचिंग की घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल (यामाहा R15)
- एक अवैध तमंचा मय एक खोखा व 01 जिन्दा कारतूस 12 बोर।

**गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहासः-**

1. मु0अ0सं0 149/2024 धारा 307, 482 भादवि तथा धारा 3/25/27 आयुध अधि0 थाना बिसरख मध्य कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।
2. मु0अ0सं0 1017/2023 धारा 392, 411 भादवि थाना बिसरख मध्य कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।
3. मु0अ0सं0 252/2025 धारा 304(2)/ 317(2) BNS थाना हापुड नगर जनपद हापुड।
4. मु0अ0सं0 267/2025 धारा 109 बीएनएस तथा धारा 3/25/27 आयुध अधिनियम थाना हापुड नगर हापुड।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम -**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री मुनीष प्रताप सिंह थाना हापुड नगर जनपद हापुड।
2. उ0नि0 नवनीत सिंह थाना हापुड नगर जपनद हापुड।
3. उ0नि0 प्रवीण कुमार थाना हापुड नगर जपनद हापुड।।
4. उ0नि0 आशीष रस्तौगी थाना हापुड नगर जपनद हापुड।
5. हे0कां0 903 रजनीश कुमार थाना हापुड नगर जपनद हापुड।
6. हे0कां0 494 अजय शंकर थाना हापुड नगर जपनद हापुड (मुठभेड मे घायल)।
7. कां0 39 विपुल खोखर थाना हापुड नगर जपनद हापुड।
8. कां0 910 कृष्णकान्त थाना हापुड नगर जपनद हापुड ।